हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, सोमवार 29 सितंबर 2025

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

06 महासंघ के सदस्यों ने कन्याओं के चरण पूजकर...



08 शक्ति की आराधना में डूबे भक्त, मंदिरों में ...



## खबर संक्षेप

### स्वमथुरा मोहन संगीत संध्या 4 अक्टूबर को

**विदिशा।** पं गंगा प्रसाद पाठक ललित कला न्यास द्वारा ग्वालियर घराने के गायक एवं संगीताचार्य स्व. मथुरा मोहन श्रीवास्तव की पुण्यतिथि पर 4 अक्टूबर शाम 7 बजे संगीत संध्या में बनारस घराने के विश्व विख्यात शास्त्रीय गायक पद्म भूषण पं राजन मिश्र, पं साजन मिश्र की सुयोग्य शिष्या दिव्या शर्मा बनारस एवं नगर के युवा गायक नीलेश तिवारी शास्त्रीय गायन प्रस्तुत करेंगे। तबले पर भोपाल के डॉ अशेष उपाध्याय एवं शशिकांत शर्मा तथा संवादिनी पर भोपाल के जितेन्द्र शर्मा, सत्यम शर्मा संगत करेंगे। यह कार्यक्रम माहेश्वरी धर्मशाला तलैया मोहल्ला में होगा।

### भारत भारती संस्कार जैन मंडल ने बच्चों के दांतों का परीक्षण किया

**विदिशा।** दंत चिकित्सक डॉक्टर वर्षा जैन द्वारा शासकीय प्राथमिक शाला बैस नगर गणेशपुरा में स्कूल के बच्चों का निशुल्क दांतों का परीक्षण किया। भारत भारती जैन संस्कार मंडल द्वारा छात्रों को ब्रश एवं टूथपेस्ट बांटे। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष प्रीति राकेश शर्मा एवं मंडल सदस्यों ने 78वां पौधरोपण किया। मंडल प्रमुख नीता सराफ ने सभी का आभार माना। इस दौरान शिक्षिका श्रीबाई पंथी, सुमन चौहान, सरिता मीना, मीना भार्गव, विद्युत जैन, सरिता जैन, सविता जैन, विभा जैन, सपना जैन, संध्या जैन, नीतू जैन, साक्षी जैन मौजूद रहीं।

### नगर में जगह-जगह से निकाली चुनरी यात्राएं

**कुरवाई।** शक्ति की आराधना का पर्व नवरात्रि पर रविवार को नगर में चार चुनरी यात्राएं निकाली गईं। ग्रामीण क्षेत्रों से भौरासा गज सिंह वाहिनी माता मंदिर एवं जानकी भैया करीला धाम के लिए चुनरी यात्राएं निकाली गईं। माली पुरा समिति, मंशा देवी मंदिर से प्रारंभ होकर नगर के मुख्यमार्ग से होते हुए भौरासा स्थित पहुंचीं। आज सोमवार को श्री शंकराचार्य मंच पर लकी फ्रेंड सर्कल द्वारा महाआरती का आयोजन किया गया है।

### क्रिकेट प्रतियोगिता का हुआ शुभारंभ



**गुलाबगंज।** रविवार को मंडी प्रांगण में क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। सरपंच प्रतिनिधि ओमप्रकाश घावरी, जनपद सदस्य सचिन यादव एवं सनातन हिन्दू उत्सव समिति के अध्यक्ष पीयूष शर्मा ने शुभारंभ किया। इस दौरान ओमप्रकाश घावरी ने कहा कि इस प्रकार के खेलों का ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजन होने से ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को आगे आने में बेहतर अवसर मिल पाते हैं। सचिन यादव ने कहा कि आज के समय में युवा मोबाइल की लत का शिकार होने से खेलों से पिछड़ रहा है। पीयूष शर्मा ने भी सभी खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाया। पहले दिन चार मैच खेले गए। युवाओं में मैच के प्रति काफी उत्साह देखा गया। इस दौरान चंद्रभान अहिरवार, मधुर पथरोल, आकाश, अमित कुशवाह एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

### सीएम को बताईं घुमंतू समुदायों की समस्याएं

**विदिशा।** कुरवाई पहुंचे मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिलकर घुमंतू समुदायों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा गया है। समाज के लिए कार्य कर रहे पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने सीएम से जल्द ही आवेदनों पर कार्रवाई करने के लिए आग्रह किय। मुख्यमंत्री की तरफ से सकारात्मक जवाब मिला है। इस दौरान मध्य भारत प्रांत टोली सदस्य एवं प्रांत रोजगार कार्य प्रमुख संदीप उदयवाल, विमुक्त घुमंतु अर्ध घुमंतु समाज विदिशा जिला संयोजक सुरेन्द्र कुशवाह सहित पदाधिकारी मौजूद रहे।

---

### करैया खेड़ा से दुर्गानगर माता मंदिर तक निकाली चुनरी यात्रा, हजारों महिलाएं शामिल हुईं



**विदिशा।** रविवार दोपहर करैयाखेड़ा से दुर्गानगर स्थित माता मंदिर तक भव्य चुनरी यात्रा निकाली गई। जिसमें हजारों की संख्या में महिलाएं शामिल हुईं। चुनरी यात्रा अहमदपुर चौराह, दुर्गा नगर चौराह होते हुए दुर्गा मंदिर पर पहुंची। जगह-जगह श्रद्धालुओं ने पुष्पवर्षा कर साथ स्वागत किया गया। पूरे मार्ग पर जयकारों की गूंज सुनाई दी।

---

### उदयनगर कॉलोनी की झांकी में हुआ विवाद, भारी संख्या में पुलिस जवानों ने संभाला मोर्चा

परिवार के सदस्य की तरह करना चाहते थे अंतिम सस्कार

# श्वान के मरने के दुख में झांकी के साउंड के तार निकाले, बनी विवाद की स्थिति

*भजनों की तेज आवाज से परिवार को हो रही थी तकलीफ मना करने पर बनी विवाद की स्थिति, बड़ी संख्या में थाने पहुंचे झांकी संचालक और मोहल्ले के लोग।*

*विगत दिनों खाई रोड पर प्रतिमा पर पत्थरबाजी की घटना के बाद रविवार को फिर से इस तरह की घटना दोहराई गई। जिससे विवाद की स्थिति बनी। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति नियंत्रित की और झांकी समिति संचालकों को समझाइश दी।*





विदिशा। थाने में धरने पर बैठे झांकी संचालकों और मोहल्ले के लोगों को समझाइश देते हुए थाना प्रभारी।

झांकी समिति सदस्यों और मोहल्ले के लोगों ने लगाए तोड़फोड़ करने और पत्थर फेंकने के आरोप

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

सिविल लाइन थाना अंतर्गत उदयनगर कॉलोनी क्षेत्र में हर साल की तरह इस वर्ष भी माता की झांकी लगाई गई है। रविवार को इस झांकी में विवाद की स्थिति बन गई। घटना के बाद मौके पर भारी संख्या में पुलिस बल पहुंच गया। वहीं आरोपी पर एफआईआर दर्ज करने की मांग करते हुए झांकी संचालक सहित मोहल्ले के लोग और महिलाएं धरने पर बैठ गईं। उदयनगर कॉलोनी में झांकी के नजदीकी ही हेमंत अहिरवार का परिवार रहता है। उनकी मादा श्वान की मौत हो गई थी। उसका अंतिम संस्कार परिवार के सदस्य के रूप में करना चाहते थे। पूरा परिवार दुखी था, लेकिन झांकी में चल रहे भजनों के कारण उन्हे परेशानी हो रही थी। झांकी का साउंड बंद करने को लेकर झांकी संचालकों और अहिरवार परिवार के बीच विवाद हो गया। झांकी संचालकों का कहना था कि उक्त परिवार ने साउंड के तार निकाल दिए और पत्थर मारने के भी आरोप लगाए। सूचना मिलने पर सनातन श्री हिंदू समिति के अध्यक्ष नितिन माहेश्वरी और पुलिस बल मौके पर पहुंचा। जहां मामला शांत करने का प्रयास किया गया, लेकिन ऐसा नहीं हो अहिरवार परिवार के सदस्यों और झांकी समिति के सदस्यों को सिविल लाइन थाने लाया गया। भारी संख्या में लोग थाने पहुंचे और अहिरवार परिवार पर कार्रवाई की मांग करते हुए थाने में धरने पर बैठक गए। अहिरवार परिवार पर कार्रवाई की मांग करने लगे। सिविल लाइन थाना टीआई आके मिश्रा ने मामले को शांत कराया और जांच की बात कही है। उन्होंने कहा कि जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

---

# मेडिकल कॉलेज में 8 दिन से भर्ती बच्चे की आंखों की रोशनी गई, परिजनों ने गेट पर बैठकर किया हंगामा

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मेडिकल कॉलेज में 8 दिन से भर्ती 4 साल के बच्चे की आंखों की रोशनी जाने के बाद परिजनों ने रविवार को मेडिकल कॉलेज के गेट पर चक्काजाम कर कर दिया। बच्चे को निमोनिया हुआ था और परिजनों ने उसे मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया था। परिजनों का कहना था कि बच्चे की छुट्टी नहीं की जा रही थी। उन्होंने गार्ड पर मारपीट के आरोप लगाए।

बीना निवासी रीना अहिरवार ने अपने बच्चे को 8 दिन पहले इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था। इलाज के दौरान बच्चे को दिखाई देना बंद हो गया। डॉक्टरों ने बच्चे को इंजेक्शन देकर वेंटिलेटर पर रखा था। परिजनों का आरोप था कि डॉक्टरों ने गलत इंजेक्शन लगाया जिससे बच्चे की आंखों की रोशनी चली गई। जबकि भर्ती करने से पहले बच्चे को पूरी तरह दिखता था। अब वह किसी को भी नहीं पहचान पा रहा है। जिसके कारण से पूरा परिवार परेशान था। बच्चे के परिजनों का कहना था कि वह बच्चे की छुट्टी कराना चाहते थे कि डॉक्टर छुट्टी देने तैयार नहीं थे। लेकिन डॉक्टरों का कहना था कि हम पूरी कोशिश कर रहे हैं जब तक हमारे प्रयास पूरे नहीं होते बच्चे की छुट्टी नहीं करेंगे। हंगामें के बाद तहसीलदार ने बच्चे को भोपाल एम्स में भर्ती कराने की व्यवस्था कराई।

#### वायरस नशों में जाने से रोशनी चली गईः डीन

मेडिकल कालेज के डीन डा. मनीष निगम ने बताया कि 8 तारीख को बच्चे को इलाज के लिए भर्ती कराया गया था। बच्चे को पहले से झटके आने की बीमारी थी। इस बीमारी के कारण वायरस आंखों की नशों में जाने के कारण बच्चे की रोशनी चली गई। बच्चे की जान बचना मुश्किल थी, लेकिन डाक्टरों ने बड़ी मुश्किल से उसकी जान बचाई। जांच पड़ताल में बीमारी पकड़ में आ चुकी है, उसका लंबा इलाज चलेगा और उसका इलाज किया जा रहा था, लेकिन परिजन बच्चे की छुट्टी कराने की जिद पर अड़े थे। हम छुट्टी देने से मना नहीं कर रहे थे, लेकिन प्रोसेस पूरी करने के बाद ही छुट्टी की जाती है। उन्होंने कहा कि गार्ड द्वारा परिजनों के साथ किसी प्रकार की कोई मारपीट या बदसलूकी नहीं की गई है।



- परिजनों ने अस्पताल के गार्ड पर लगाए मारपीट के आरोप।

---

### 188 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा, तीन कैटेगरी में हुई रेस

**विदिशा।** सेवा पखवाड़ा और नशामुक्त भारत अभियान के तहत साइक्लोथन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। रविवार सुबह आरटीओ ऑफिस से शुरू हुई इस प्रतियोगिता में कुल 188 प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जिनमें बच्चे, युवा और बुजुर्ग शामिल थे। 168 प्रतिभागियों ने सफलतापूर्वक 30 किलोमीटर का ट्रैक पूरा किया। प्रतियोगिता को तीन श्रेणियों में विभाजित किया गया था। 30 किलोमीटर की मुख्य रेस आरटीओ ऑफिस से शुरू होकर बेतवा नदी, उदयगिरि और बैरसिया रोड होते हुए हनुमान मंदिर वनखेड़ी तक जाकर वापस लौटी। 15 किलोमीटर की रेस पुलिस चौकी हेलियाडोरस से यू-टर्न लेकर समाप्त हुई, जबकि 10 किलोमीटर की रेस आधे रास्ते से यू-टर्न लेकर पूरी की गई। इस दौरान प्रतिभागियों को नशामुक्त भारत बनाने की शपथ भी दिलाई गई।

---

# एमआरपी से अधिक दाम पर शराब बेचने पर 2.22 लाख का जुर्माना

### एक-एक दिन की लाइसेंस निलंबन की कार्रवाई की

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

- नए आबकारी अधिकारी और एडीओ ने आते ही ठेकेदारों की मनमानी पर लगाई लगाम।

नए आबकारी अधिकारी शरद पाठक ने आते ही मनमाने दामों पर शराब बेच रहे ठेकेदारों पर नकेल कसना शुरू कर दिया है।

सीएम हेल्पलाइन की शिकायत की पुष्टी के लिए जब उन्होंने दीपनाखेड़ा और पिकलोन स्थित पीपलखेड़ा शराब दुकान से शराब की खरीदी कराई तो ठेकेदार के कर्मचारियों द्वारा निर्धारित मूल्य से अधिक दाम शराब दी। इस पर दोनों दुकानों पर एक-एक दिन की लायसेंस निलंबन की कार्रवाई करते हुए दीपनाखेड़ा की शराब दुकान पर 1 लाख 74 हजार 266 रुपए और पिकलोन स्थित पीपलखेड़ा शराब दुकान पर 48 हजार 501 रुपए का जुर्मान ठोका। इसके अलावा दीपनाखेड़ा की शराब दुकान के ठेकेदार पर दुकान मासिक सत्यापन प्रपत्र समय पर प्रस्तुत न करने पर 5 हजार रुपए का दंड भी लगाया गया है। नवागत एडीओ राजीव थापक ने बताया कि आबकारी नियमों का उल्लंघन और शिकायत पर लगातार कार्रवाई की जाएगी।

---

# दिल धड़कना वजूद है हमारे जीवित रहने काः एमके जैन

**विदिशा ।** विश्व हृदय रोग जागरूकता दिवस के अवसर पर इंडियन मेडिकल एसोसिएशन , रोटरी इंटरनेशनल एवं इंडियन अकैडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के संयुक्त तत्वावधान में अग्रवाल धर्मशाला में निशुल्क रोग निदान शिविर लगाया गया। प्रदेश आईएमए अध्यक्ष डॉ एमके जैन ने बताया कि दिल धड़क -धड़क कर कह रहा कि मानलो मेरा कहना बाद में फिर न कहना कि मुझे आगाह नहीं किया। उन्होंने कहा हमारा दिल हरदिन , हर समय, हर पल हमारा ध्यान रखता है और दिल का धड़कना ही हमारे जीवित रहने का वजूद भी है। हृदय रोग हृदय विशेषज्ञ डॉ ऐश्वर्य मोदी ने बताया कि हृदय रोगों की फैमिली हिस्ट्री , जेनेटिक हिस्ट्री होने के बावजूद भी हमें खाने पीने पर विशेष ध्यान देना चाहिए। हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ प्रशांत बागरेचा ने बताया कि ट्रांस फैट शरीर में पहुंचकर मित्र कोलेस्ट्रोल- हाई डेन्सिटी लिपोप्रोटीन को कम कर शत्रु कोलेस्ट्रोल लो डेन्सिटी लिपोप्रोटीन को बढ़ा देते हैं। डॉ कुशाग्र दीक्षित बताया कि हृदय से बचाव के लिए व्यायाम करें और साइकिल चलाएं। इस मौके पर डॉ राहुल जैन,डॉ सुरेंद्र सोनकर, प्रियंका जैन कमल सिलाकारी डॉ जनार्दन सिंह जादोन, डॉ पंकज अग्रवाल , रीतेश कपूर आदि मौजूद रहे।

---

### मुख्यमंत्री ने किया स्वेता को सम्मानित



**विदिशा।** कुरवाई में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने पर्यवेक्षक परीक्षा में प्रदेश में ओवीसी कैटेगिरी में टॉप पर आने वाली स्वेता सोनी को प्रशस्तिपत्र देकर सम्मानित किया। महिला एवं बाल विकास विभाग की जिलाधिकारी विनीता लोढ़ा ने बताया कि मार्च माह में पर्यवेक्षक की परीक्षा आयोजित की गई थी। जिसमें केंद्र क्रमांक मुखर्जीनगर 1 की कार्यकर्ता स्वेता सोनी पत्नी अनिल सोनी ने ओबीसी कैटेगिरी में सर्वोच्च अंक प्राप्त कर प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया था।

---

# संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल तीनों वर्गों में विजेता, विदिशा की टीम उपविजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा




साकेत एमजीएम स्कूल में आयोजित स्कूल शिक्षा विभाग की संभाग स्तरीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भोपाल ने शानदार प्रदर्शन करते हुए बालक वर्ग के अंडर-14, अंडर-17 और अंडर-19 तीनों वर्गों में विजेता बनने का गौरव हासिल किया।

विदिशा ने दमदार खेल दिखाते हुए सभी वर्गों में उपविजेता स्थान प्राप्त किया।अं डर-14 वर्ग में रोमांचक मुकाबले खेले गए। राजगढ़ ने रायसेन को 18-2 से हराया, जबकि विदिशा ने सीहोर को 46-16 से पराजित किया। भोपाल ने राजगढ़ को 20-0 से मात देकर फाइनल में प्रवेश किया। निर्णायक मुकाबले में भोपाल और विदिशा आमने-सामने हुए, जहां कड़े संघर्ष के बाद भोपाल ने खिताब जीत लिया। विदिशा के खिलाड़ियों का खेल दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर गया।अंडर-17 वर्ग में सीहोर ने रायसेन को 25-14 से हराकर बढ़त बनाई। विदिशा ने राजगढ़ को 55-33 से मात दी। वहीं, भोपाल ने रायसेन को 54-6 से हराते हुए फाइनल में जगह बनाई। खिताबी मुकाबले में भोपाल ने 28-18 से विदिशा को हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। अंडर-19 वर्ग का मुकाबला भी उतना ही रोमांचक रहा।

---

### बंगाली थीम पर महामाई दरबार को सजाया गया

# महामाई मंदिर की महाआरती में पहुंचे एडिशनल एसपी ने श्रद्धालुओं से की नशा मुक्त विदिशा बनाना की अपील

हरिभूमि न्यूज ⏭विदिशा

मोहनगिरि स्थित महामाई माता मंदिर पर आयोजित महाआरती में शामिल होने एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे पहुंचे। आरती में महामाई को 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग का लगाया गया ।

एडिशनल एसपी ने अपने उद्बोधन में मां दुर्गा के मंत्र उच्चारण के साथ अपनी बात रखी और मां की महिमा का वर्णन किया साथ ही मंदिर में मौजूद सभी भक्तों से नशा मुक्त विदिशा बनाने की अपील की जिससे समाज सही दिशा में जा सके। इस मौके पर प्रजापति समाज के अध्यक्ष डाक्टर उमेश प्रजापति, कस्तूर प्रजापति, सुरेंद प्रजापति, दीपेश प्रजापति, जय प्रजापति, समर्थ प्रजापति ,कीर्ति प्रजापति, राधा प्रजापति सहित प्रजापति समाज के सभी गणमान्य जन एवं माता बहने उपस्थित रहीं। कार्यक्रम का संचालन एवं सभी अतिथियों का आभार प्रजापति समाज मंदिर ट्रस्ट के सचिव राजकुमार प्रजापति ने माना।



विदिशा। माता का अद्भुत श्रृंगार देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उमड़े।

#### बंगाली थीम पर किया गया माता का श्रृंगार

बंगाली थीम एवं श्याम बाबा की तर्ज पर महामाई दरबार एवं माता का श्रृंगार किया गया। आरती के बाद ट्रस्ट के अध्यक्ष संजय प्रजापति ने एडिशनल एसपी प्रशांत चौबे को चुनरी उड़ाकर मिट्टी से निर्मित मूर्ति भेंट कर स्वागत किया तथा मंदिर की महिमा के बारे में बताया कि किस प्रकार माता रानी अपने भक्तों का कल्याण करती हैं।

---

### जेल में नवरात्रि पर पंच कुंडी गायत्री यज्ञ हुआ

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** नवरात्रि के अवसर पर जिला जेल परिसर में पंच कुंडी गायत्री यज्ञ का आयोजन किया गया। इस यज्ञ में सभी कैदियों ने भागीदारी की। कार्यक्रम में श्रीराम कटियार, सौरव गुप्ता, प्रकाश सोनकर, थानसिंह और पवन का विशेष सहयोग रहा। यज्ञ के दौरान उपस्थित कैदियों ने मंत्रोच्चार और हवन में भाग लेकर आत्मिक शांति का अनुभव किया। महिला वार्ड में भी एक कुंडी गायत्री यज्ञ हुआ। इसमें गीता श्रीवास्तव, अंबिका कुमार और रश्मि द्विवेदी ने विशेष भूमिका निभाई। महिला कैदी बहनों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की और दीक्षा लेने के प्रति गहरी रुचि व उत्साह प्रकट किया। इस अवसर पर जेल परिसर में भक्ति और सकारात्मक ऊर्जा का विशेष वातावरण बना रहा।



## खबर संक्षेप

### बारिश ने बढ़ाई किसानों की चिंता

**गंज बासौदा।** इलाके भर में शनिवार को अल सुबह और दोपहर के बाद फिर से हल्की बारिश होने के बाद, रात्रि के समय देर तक तेज बारिश का दौर चला जिससे सड़कें पानी से भर गईं। अचानक तेज बारिश का दौर शुरु हो जाने से झांकियां देखने गए लोग भीग गए। हालांकि बारिश के मौसम को ध्यान में रखते हुए झांकी उत्सव समितियों द्वारा पहले ही झांकी स्थलों को वाटरप्रूफ, बरसाती, लोहे की चद्दरों से तैयार किया था। जिससे बारिश के दौरान झांकी स्थल पर पानी न आ सके। तेज बारिश से कुछ समय के लिए मौसम में ठण्डक घुल गई। यहां उल्लेखनीय है कि लगभग एक पखवाड़े के बाद नगर में फिर से मौसम में बदलाव आया है और रुक रुक कर हल्की एवं तेज बारिश होने लगी है। इस बारिश से उन किसानों के माथे पर चिंता की लकीरें दिखाई दे रहीं हैं जिनके खेतों में सोयाबीन की फसल पककर कटने को तैयार खड़ी है या कटी हुई खेतों में पड़ी हुई है। वह भीग गई, किसानों का कहना है कि यह बारिश खरीफ फसलों के लिए नुकसान दायक है इससे फसलें भीगकर खराब एवं दागी हो जाएंगी जिससे दामों पर असर पड़ेगा।

### मन की बात सुनी

**गंजबासौदा।** रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात के 126 वे एपिसोड को सुना गया। इस दौरान समीर किरमानी सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

### विद्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा मनाया



**गंजबासौदा।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बैहलोट में स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता पखवाड़ा मनाया गया। यह कार्यक्रम मेरा युवा भारत विदिशा के तत्वावधान में सावित्री महिला मण्डल के सहयोग से संपन्न हुआ। जिसमें कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अशोक कुमार कुशवाह ने कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की पूजन से किया। कार्यक्रम को प्रधानाध्यापक काशीराम मालवीय, वंदना तिवारी, लक्ष्मी शर्मा, सोनाली शेवड़े, सुषमा शर्मा ने संबोधित किया। प्रतिदिवस हमारी शुरुआत साफ़ सफाई स्वच्छता से ही प्रारंभ होना चाहिए। मौसमी बीमारियों से बचाव साफ़, सफाई, निरोग कैसे रहें, अपने वातावरण को कैसे साफ़ स्वच्छ रखें, इस पर विस्तार पूर्वक जानकारी दी गई। इसके बाद स्वच्छता जागरूकता रैली निकाली गई रैली के दौरान छात्र छात्राओं द्वारा नारे लगाए गए। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों, कर्मचारियों सहित छात्र, छात्राओं को स्वच्छता अभियान की शपथ दिलाई गई। समस्त अतिथियों अपने हाथों में झाड़ू थामकर विद्यालय परिसर की साफ़-सफ़ाई की। इस मौके पर वेदप्रकाश दुबे, स्मिता शर्मा, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कल्पना ओझा, आकांक्षा शर्मा सहित ग्रामीणजन और छात्र, छात्राएं उपस्थित थे। कार्यक्रम के अंत में आभार रश्मि देशपांडे ने माना।

# उदयपुर में निकला राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ का पथ संचलन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ 2 अक्टूबर को विजयदशमी को अपने 100 वर्ष में प्रवेश करने वाला है। जिसमें ग्रामीण क्षेत्र में प्रत्येक मंडल केंद्र पर संघ पथ संचलन निकालने वाला है। इसी क्रम में रविवार को उदयपुर ग्राम की सड़कों पर कदम से कदम मिलाकर राष्ट्र भक्ति गीतों की धुन पर स्वयं सेवक नीलकंठ मंदिर प्रांगण से उदयपुर के मुख्य मार्ग से एवं गांव के अंदर से अनुशासन में निकले। कार्यकम में मुख्य अतिथि के रूप में 108 परसराम दास महाराज एवं मूडरीधाम, 108 रामदास महाराज उपस्थित रहे। संघ के प्रांत सह शारीरिक शिक्षण प्रमुख त्रिवेश लोधी का उद्बोधन हुआ। जिसमें उन्होंने बताया कि जिस प्रकार विजयदशमी पर रावण का दहन हुआ था। बुराई पर अच्छाई की विजय हुई थी। इस प्रकार राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवक हमेशा देश प्रेम राष्ट्र भाव से काम करते हैं चाहे देश प्रेम की बात हो या सेवा का भाव हो हर क्षेत्र में संघ के स्वयंसेवक उपस्थित रहते हैं। उन्होंने अपने वक्तव्य में बताया कि संघ ने पंच परिवर्तन का आवाहन किया है जिसमें स्वदेशी का भाव, कुटुंब प्रबोधन, पर्यावरण संरक्षण, नागरिक शिष्टाचार एवं सामाजिक समरसता आदि इन पांच विषयों को अपने जीवन में पालन करने का आव्हान संघ अपने स्वयं सेवकों से एवं समाज से करता है।

## बालाजी नगर स्थित विहिप के जिला कार्यालय पर हुआ आयोजन

# विश्व हिन्दू परिषद बजरंग दल का शस्त्र पूजन कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





रविवार को दोपहर के समय बालाजी नगर स्थित विश्व हिन्दू परिषद जिला कार्यालय अशोक भवन में बजरंग दल के तत्वावधान में शस्त्र पूजन का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान राम के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर एवं शस्त्रों का पूजन कर किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विभाग सह मंत्री संदीप नेमा ने कहा कि भारतीय संस्कृति में शस्त्रों का बहुत बड़ा महत्व है तभी तो जब भगवान राम को वनवास हुआ तो उन्होंने अपने राजसी वस्त्र, पदवेश सब कुछ त्याग दिया परंतु साथ लेकर यदि कुछ गये तो धनुष बाण तथा अयोध्या की मिट्टी। इसी धनुष बाण से उन्होंने वनवास काल के दौरान दैत्यों का संहार किया था। हम यदि अपने देवी देवताओं को भी देखें तो सभी के हाथ में कोई न कोई शस्त्र अवश्य है। समरसता प्रांत टोली सदस्य चंद्रशेखर शर्मा ने कहा कि शस्त्र पूजन का यह पर्व हमें अपनों घरों में शस्त्र रखने की प्रेरणा देता है। मातृशक्ति की विभाग संयोजिका ज्योति वर्मा ने कहा कि महिलाओं को भी शक्ति की आराधना के इस पर्व पर सामर्थ्यवान बनने का संकल्प लेना चाहिए।

संचालन जिला मंत्री अभिषेक शर्मा गुरूजी ने किया एवं आभार जिलाध्यक्ष मुकेश सेन ने व्यक्त किया। इस अवसर पर विभाग विशेष संपर्क प्रमुख नितिन सक्सेना, प्रांत सोशल मीडिया प्रमुख सत्यम दुबे बावली, जिला कार्यालय प्रमुख केशव सिंह हाड़ा, जिला सह संयोजक अन्नू यादव, जिला सुरक्षा प्रमुख राजकुमार विश्वकर्मा, जिला गौरक्षा प्रमुख टोनी अहिरवार, मातृशक्ति जिला संयोजिका स्वदेश छावड़ा, बजरंग दल नगर संयोजक भजन प्रजापति, जिला सेवा प्रमुख झगडू महाराज, नगर सह मंत्री रामराज झा एवं गौरव नामदेव, नगर सह संयोजक नरेश राजपूत, सौरभ गुर्जर, पार्षद नारायण सोनी, रूपेश अहिरवार, दिनेश प्रजापति, आकाश भावसार सहित अनेक विश्व हिन्दू बजरंग दल कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## महासंघ के सदस्यों ने कन्याओं के चरण पूजकर कराया कन्याभोज



हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नवरात्रि के पावन पर्व पर रविवार को प्रोटोकॉल ग्रुप एवं व्यापार महासंघ के सभी सदस्यों ने वरिष्ठ समाजसेवी एवं महासंघ के संरक्षक अनिल अग्रवाल के फार्म हाउस पर कन्याओं के चरण पूज कर तिलक लगाकर, वस्त्र भेंटकर, कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित सदस्यों ने फल एवं नगद राशि कन्याओं को भेंट की एवं उनके पैर छूकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर पर संरक्षक मंडल से सत्यपाल तनवानी, निर्मल कुमार जैन, बी के शर्मा, रामसेवक शर्मा, सुरेश कुमार मिश्रा, अनिल अग्रवाल, धर्मचंद ओसवाल, कैलाश चौरसिया, सतीश महेश्वरी, अजय जैन, मुकेश अरोरा, अशोक जैन, मनोज डागा, सुरेश तनवानी, हरी बाबू गर्ग, श्रीबाबू गर्ग, श्रवण अग्रवाल, मुकुल जैन, अभिकांत वर्मा, मयंक टॉक, अरुण शर्मा, प्रशांत दांगी, गौरव अरोरा, योगेश निगम, ओम बाबू गर्ग उपस्थित थे।

### स्वदेशी जागरण सप्ताह अंतर्गत कार्यक्रम संपन्न

**गंजबासौदा।** शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में मध्य प्रदेश जन अभियान परिषद एवं स्वदेशी जागरण मंच के संयुक्त तत्वावधान में स्वदेशी की अवधारणा को जन जन तक पहुंचाने कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। अपने के उद्देश्य से स्वदेशी शक्ति राष्ट्र शक्ति अपने आत्मनिर्भर भारत बनाएं हेतु स्वदेशी जागरण सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। जिसके अंतर्गत रविवार को प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के कुशल मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को स्वदेशी जागरण का संकल्प दिलवाया गया एवं आत्म निर्भर भारत बनाने के लिए स्वदेशी उत्पादों के अपने के लिए एक रैली निकाली गई। इस रैली में स्वदेशी उत्पादन के नारे लगाकर लोगों को जागृत किया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बतलाया कि महात्मा गांधी को 1930 के दशक में जेल के अंदर चरखा कातते हुए दिखाना ही स्वदेशी जागरण का उदाहरण है। टास्क प्रभारी डॉक्टर बीके प्रजापति ने स्वदेशी की महत्ता पर प्रकाश डाला। महाविद्यालय की प्रशासनिक अधिकारी डॉ. सुमन लता गुप्ता ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए बताया कि इस कार्यक्रम का आयोजन सिर्फ प्रचार के लिए नहीं बल्कि लोगों को वास्तविक रूप से अपनी जीवन शैली में स्वदेशी उत्पादों को अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस मौके पर डॉ मनीष दुबे, डॉ. घनश्याम, डॉ सुधा पाठक, भावना रघुवंशी, अभिषेक सिंह मौजूद थे।

## शहीद भगत सिंह की जयंती मनाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालाय पाठक संघ द्वारा देश के महान क्रन्तिकारी भगत सिंह का 118 वां जन्म दिवस एवं विश्व पर्यटन दिवस पर एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का संचालन दीपक तिवारी द्वारा करते हुए भगत सिंह को महान क्रांतिकारी निरुपित किया। इस अवसर पर वरिष्ठ समाजसेवी सुनील बाबू पिंगले ने कहा कि भगतसिंह का जन्म 27 सितंबर सन 1907 में पंजाब प्रान्त के लायलपुर बंगा में जाट सिख परिवार में हुआ था। जो कि अब पाकिस्तान में है, उनकी माता का नाम विद्यावती था और पिता का नाम किशन सिंह सिंधु था। उन्होंने असेंबली में बम फेंका था और वे वहां से भागे नहीं। वहीं दूसरी और विश्व पर्यटन दिवस भी 27 तारीख को मनाया जाता है जो कि 1980 से प्रारभ किया गया था। इस अवसर पर विजय अरोरा एवं वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम में बबलू राय, कैलाश नेमा, टीपू सोलंकी सहित वाचनालय पाठक संघ के अनेक पाठकगण उपस्थित थे।

### आबकारी विभाग ने पकड़ी बड़ी मात्रा में अवैध अंग्रेजी शराब, दो आरोपियों पर किए प्रकरण दर्ज



**गंजबासौदा।** रविवार को आबकारी विभाग ने कंजना पठार स्थित औद्योगिक क्षेत्र में स्थित एक औद्योगिक परिसर से बडी मात्रा में अवैध रूप से रखी गई अंग्रेजी शराब बरामद की है। यह परिसर एक प्रतिष्ठित परिवार का है और आबकारी विभाग ने परिसर मालिक के परिजनों पर ही प्रकरण दर्ज कर लिया है। हांलाकि रविवार को आरोपियों को न्यायालय में पेश नहीं किया गया है और उन्हें अभी आबकारी विभाग की अभिरक्षा में ही रखा गया है। सोमवार को उन्हें न्यायालय में पेश किया जाएगा। प्राप्त जानकारी के अनुसार आबकारी विभाग ने मुखबिर की सूचना पर औद्योगिक परिसर से करीब 8 पेटी अंग्रेजी शराब बरामद की है। इस मामले में पुलिस ने परिसर मालिक पर 20 पाव बरामद दिखाते हुए आबकारी एक्ट की धारा 34 और उनके पुत्र पर 7 पेटी यानि 63 बल्क लीटर अंग्रेजी शराब बरामद दिखाते हुए उसके खिलाफ आबकारी एक्ट की धारा 34, 2 के तहत प्रकरण दर्ज किया है। बताया जाता है कि नगर में स्वयं को पत्रकार और राजनैतिक बताने वाले लोग बडे पैमाने पर अवैध शराब, ब्राउन शुगर का कारोबार कर रहे हैं और अपने कथित प्रभाव के कारण या तो इन पर कार्रवाई नहीं होती है या फिर ये कार्रवाई से बच जाते हैं। प्रशासन को भी इसकी जानकारी है, लेकिन कार्रवाई नहीं की जा पा रही है।

## मासिक शैक्षिक संवाद कार्यक्रम संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा




शासकीय प्राथमिक शाला काला पठार में जन शिक्षा केंद्र शासकीय कन्या उमा विद्यालय, प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों का मासिक शैक्षिक संवाद संपन्न हुआ। जन शिक्षक प्रकाश दीक्षित, चरण सिंह रघुवंशी, मास्टर ट्रेनर भूपेंद्र सेन एवं तृप्ति ने कार्यशाला का संचालन किया। साथ ही सभी ने प्राथमिक शाला काला पठार का भ्रमण किया शाला की उत्तम व्यवस्थाओं से अभिभूत होकर स्वयं की शालाओं को भी इसी तरह सुसज्जित करने का प्रण भी लिया और कालापठार के प्रभारी पृथ्वी सिंह रघुवंशी से प्रभावित हुए बिना नहीं रह सके। शैक्षिक संवाद में आपसी संवाद एवं गतिविधियों के माध्यम से शैक्षिक संवाद संपन्न हुआ। प्रशिक्षकों के कुशल व्यवहार एवं सहयोगात्मक रवैया के कारण यह शैक्षिक संवाद आनंददायक एवं उद्देश्य पूर्ति में सफल रहा। मास्टर ट्रेनर तृप्ति तिवारी ने शिक्षकों से संवाद करते हुए कहा कि शैक्षिक संवाद का मुख्य उद्देश्य शिक्षक आपस में बैठकर एक दूसरे के अनुभव साझा कर शालाओं में आ रही परेशानी को आपस में चर्चा कर हल करें। ऐसी कोई समस्या नहीं जो आपस में चर्चा करने से हल ना हो। कार्यक्रम को प्रकाश दीक्षित, चरणसिंह रघुवंशी, अमरसिंह तोमर, प्राथमिक शाला कालापठार के प्रधानाध्यापक पृथ्वी सिंह रघुवंशी ने शैक्षिक संवाद में उपस्थित सभी शिक्षक, जन शिक्षकों एवं मास्टर ट्रेनरों के कुशल सहयोग से बढ़ चढकर भाग लेने और संवाद हेतु कालापठार शाला का चयन करने पर सभी का आभार व्यक्त किया।

### आज बहुत रक्त बीज पैदा हो चुके हैं जो नारी के प्रति कुदृष्टि रखते हैं- ब्रह्माकुमारी



**गंजबासौदा।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चर्च वाली गली बरेठ रोड स्थित सेवा केंद्र द्वारा दैवी मां की झांकियों का आध्यात्मिक अर्थ बताया गया। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने कहा कि भारत में दो रात्रि प्रचलित हैं। एक शिवरात्रि, दूसरा नवरात्रि। इस नवरात्रि का बहुत बड़ा महत्व है जब मानव पांच विकारों के वशीभूत होता है अपनी सच्ची सुख शांति को खो बैठता है उस समय परमात्मा को दिव्य कर्तव्य हेतु ब्रह्मचारी आत्माओं की आवश्यकता होती है इसके लिए कन्या शुद्ध पवित्र बाल ब्रह्मचारी दिव्य होती है। उनका भगवान शिव आहवान करते हैं, जो अष्टभुजाधारी देवियां हैं उनके नाम से ही उनके गुण और शक्तियों का अर्थ सहज निकलता है जैसे मां दुर्गा दुर्गुणों का नाश करने वाली, संतोषी देवी माना संतुष्टता की देवी, उमा देवी सदा ही उमंग उत्साह से भरपूर करने वाली, वैष्णो देवी माना विषय विकारों पर विजय प्राप्त करने का वरदान देने वाली, मीनाक्षी देवी अर्थात समय का तीसरा नेत्र प्रदान करने वाली, सरस्वती देवी सर्व को ज्ञान बुद्धि का वरदान देने वाली, देवियों हमें सुख शांति देने वाली हैं यह देवियां हिंसक नहीं अहिंसक हैं। इनके हस्तो में अस्त्र-शस्त्र दिखाएं हैं इसका वास्तविक अर्थ यही है की बुराइयों से विजय प्राप्त कराने वाली है। ब्रह्माकुमारी रुकमणी दीदी ने मातृशक्ति की महिमा करते हुए कहा कि भगवान ने वंदे मातरम का नारा दिया। उन्होंने कहा कि यह वह समय नहीं है जो हम कहानियों में सुनते हैं कि रक्तबीज था और उसकी जितनी रक्त की बूंदे गिरती थी उतने असुर पैदा हो जाते थे लेकिन आज हम देखें की कितने रक्त बीज पैदा हो चुके हैं जो नारी के प्रति कुदृष्टि रखते हैं, समाज को नुकसान पहुंचाते हैं। काम क्रोध आदि विकारों का बीज सभी के अंदर उत्पन्न हो चुका है। अब समय है कि परिस्थिति कैसी भी हो लेकिन हमें अपनी मानसिक स्थिति को अच्छा रखकर पवित्रता के बल से इन विकारों के बीज को समाप्त करना है। तभी यह दुनिया दैवी दुनिया बन सकेगी।

## शासकीय एसजीएस कॉलेज में हुआ आयोजन

# स्वच्छता रैली निकालकर की सफाई




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

नगर के शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. नरेंद्र कुमार के मार्गदर्शन एवं डॉ. बीके प्रजापति, एनसीसी प्रभारी मनीष दुबे, घनश्याम चौकसे के नेतृत्व में महाविद्यालय की एनसीसी इकाई के द्वारा स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। स्वच्छता अभियान के अंतर्गत महाविद्यालय परिसर के बी ब्लॉक, सी ब्लॉक एवं ए ब्लॉक में साफ सफाई एवं नेक गार्डन की ख़पतवार को साफ किया गया एवं बगीचे से पॉलीथीन व कचरे को हटाया गया। साथ ही शहर में स्वच्छता रैली व स्वदेशी जागरण रैली का आयोजन किया गया। यह रैली शासकीय संजय गांधी स्मृति स्नातकोत्तर महाविद्यालय से शुरु होकर नगर के मुख्य मार्ग से निकाली गई। जिसके माध्यम से आमजन को जागरुक किया गया। रैली में एनसीसी के लगभग 40 कैडेट्स शामिल हुए।

# निकली भव्य चुनरी यात्राएं




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शारदीय नवरात्रि माता शीतला को चुनरी चढ़ाने के लिए लगातार श्रद्धालु पहुंच रहे हैं। नगर में अलग-अलग जगह से चुनरी यात्राएं निकाली जा रही हैं। शनिवार को ग्राम गंज से 251 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा सिरोंज चौराहे, सावरकर चौक होते हुए श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर पहुंची, जहां भारी संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने मां शीतला को चुनरी अर्पित की। जबकि महिलाएं भक्ति भजन गाती हुई आगे बढ़ रही थीं। मां शीतला के दरबार में पहुंचकर चुनरी चढ़ाकर मां के जयकारे लगाये। वहीं बहलोट बाईपास मार्ग स्थित श्री महादेव मंदिर से 1100 फीट लंबी चुनरी यात्रा निकाली गई। यह यात्रा मुख्य मार्ग से होते हुए श्री शीतला शक्ति धाम मंदिर तक पहुंची। यह यात्रा बाईपास मार्ग स्थित श्री महादेव मंदिर से शुरू होकर बरेठ रोड, भावसार पुलिया और जय स्तंभ चौराहे से होते हुए शीतला माता मंदिर पहुंची। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में महिलाएं अपने हाथों में चुनरी लेकर चल रही थीं। चुनरी यात्रा का अनेक स्थानों पर स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री तीर्थदर्शन योजना, द्वारका होंगे रवाना

**सागर।** जिले के तीर्थ यात्रियों के लिए माँ वैष्णोदेवी तीर्थ हेतु यात्रा प्रस्तावित की गई थी। माँ वैष्णोदेवी तीर्थ क्षेत्र में अतिवृष्टि के कारण जगह-जगह रेलवे ट्रेक क्षतिग्रस्त होने से माँ वैष्णोदेवी की यात्रा का संचालन सुरक्षित एवं व्यवहारिक नहीं होने से माँ वैष्णोंदवी के स्थान पर श्री द्वारकाजी तीर्थ की यात्रा प्रस्तावित की गई है। शासन द्वारा सागर जिले हेतु 300 यात्रियों का कोटा निर्धारित किया गया है। निर्धारित कोटे से अधिक संख्या में आवेदन प्राप्त होने से तीर्थयात्रियों का चयन लाटरी प्रक्रिया द्वारा दिनांक 29 सितम्बर को बोपहर 10:30 बजे एन.आई.सी. (राष्ट्रीय विज्ञान सूचना केन्द्र) सागर में किया जाएगा जिसमें जिले के जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी शामिल होंगे

### सेवा पखवाड़ा स्वच्छता उत्सव

**सागर।** लोकस्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा विभाग, मध्यप्रदेश शासन द्वारा 18 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक स्वच्छता उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में आज प्रातः 10 बजे, शासन से प्राप्त निर्देशानुसार समुदायिक भागीदारी एवं श्रमदान के माध्यम से स्वच्छता अभियान संचालित किया गया। अभियान के 12वें दिन चिकित्सा महाविद्यालय के डॉक्टर रेज़िडेंशियल क्षेत्र की सफाई की गई। इस अवसर परचिकित्सा महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ. पी.एस. ठाकुर, अधिक्षक डॉ. राजेश जैन, डॉ. सर्वेश जैन, डॉ. रुपाली जैन, डॉ. अमरनाथ गुप्ता, डॉ. मनीष जैन, डॉ. शैलेन्द्र पटेल तथा समस्त मेडिकल शिक्षकगण, अभियान के नोडल अधिकारी डॉ. एस.पी. सिंह, आउटसोर्स एजेंसी के कर्मचारी एवं हाउसकीपिंग स्टाफ ने सक्रिय रूप से भागीदारी करते हुए सफाई कार्य में योगदान दिया तथा स्वच्छता का संदेश प्रसारित किया।

### कोष एवं लेखा कार्यालय में प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

**सागर।** कार्यालय संभागीय संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा, सागर एवं कार्यालय प्राचार्य लेखा प्रशिक्षणं शाला, सागर के समस्त अधिकारी/कर्मचारियों के लिए आयोजित ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम आंज दिनांक 25.09.2025 को सफलतापूर्वक सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में अधिकारी/कर्मचारियों को ई-ऑफिस सॉफ़्टवेयर की उपयोगिता, दस्तावेज निर्माण, डिजिटल फ़ाइल प्रबंधन और कार्यप्रवाह की प्रक्रियाएँ विस्तार से सिखाई गई। प्रशिक्षण के दौरान भाग लेने वाले सभी अधिकारी कर्मचारियों ने डिजिटल प्रणाली के महत्व और इसे अपनी दैनिक कार्य प्रणाली में लाने के बारे में सामरिक ज्ञान प्राप्त किया। इससे कार्यालयीन कार्यों की गति, पारदर्शिता और जवाबदेही में उल्लेखनीय सुधार होने की उम्मीद है। आने वाले समय में विभाग में ई-ऑफिस का पूर्ण क्रियान्वयन सुनिश्चित कर कार्यालयों को कागज रहित व कार्य कुशल बनाया जाएगा।

**एमएसपी से अंतर की राशि का भुगतान करेगी राज्य सरकार**

# सोयाबीन विक्रय का पूरा लाभ लेंगे अन्नदाता, किसानों को लाभान्वित करेगी भावांतर योजना: कलेक्टर संदीप

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि सोयाबीन उत्पादक किसानों के हित में प्रारंभ की जा रही भावांतर योजना को लागू करने के लिए जिला स्तर पर प्रशासनिक अमले को दायित्व दिए गए हैं। इस योजना की विशेषताओं को प्रत्येक स्तर पर प्रचारित किया जाए, जिससे अधिक से अधिक किसानों को इसका लाभ मिले। योजना की जानकारी किसानों तक पहुंचाने के लिए सांसद, विधायक एवं अन्य जनप्रतिनिधियों का सहयोग लें। अन्नदाताओं की चिंता कर सोयाबीन को निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 5328 रूपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया है। मध्य प्रदेश शासन किसानों को उनके उत्पादन का मूल्य दिलवाने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस तरह धान और गेहूं पर किसानों को उनके परिश्रम की कीमत दिलवाने का कार्य किया गया है, उसी तरह सोयाबीन उत्पादक किसानों को भी लाभ दिलवाया जाएगा। कलेक्टर संदीप जी आर ने सोयाबीन उत्पादक किसानों के लिए लागू की जा रही भावांतर योजना की समीक्षा की।कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि किसानों को उनकी उपज का सही मूल्य दिलवाने के लिए व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें। किसी भी स्तर पर गड़बड़ी नहीं होना चाहिए। हितग्राही को सीधा लाभ मिलना चाहिए। सभी के प्रयासों से भावांतर योजना पूर्णता सफल होगी।

### 10 अक्टूबर से शुरू होंगे पंजीयन

भावांतर योजना के लिए निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार प्रदेश में ई-उपार्जन पोर्टल पर पंजीयन का कार्य 10 अक्टूबर से प्रारंभ होकर 25 अक्टूबर तक चलेगा। भावांतर की अवधि 01 नवम्बर से 31 जनवरी तक रहेगी। पंजीकृत कृषक और उनके रकबे के सत्यापन की प्रक्रिया राजस्व विभाग के माध्यम से होगी। किसानों के भावांतर की राशि पंजीयन के समय दर्ज बैंक खाते में सीधे हस्तांतरित की जाएगी।

### भावांतर योजना, एक नजर में

प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण अभियान के अंतर्गत अधिसूचित तिलहनी फसल के लिए भावांतर योजना वर्ष 2018-19 से लागू की गई है। भारत सरकार ने घोषित न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) तथा राज्य के मंडी के मॉडल भाव/विक्रय मूल्य अंतर की राशि कृषकों को दिलवाने का प्रावधान किया है। किसान पूर्व की तरह अपनी उपज मंडियों में बेचेंगे। एमएसपी और मंडी का मॉडल भाव/विक्रय मूल्य के बीच के अंतर की राशि का किसान को डीबीटी से भुगतान किया जायेगा। किसान द्वारा ई-पोर्टल पर पंजीयन अनिवार्य होगा। उदाहरण के लिए किसान का उत्पादन मॉडल भाव 4600 रूपए पर हुआ है तो समर्थन मूल्य 5328 में से शेष अर्थात भावांतर राशि 628 रूपए प्रति क्विंटल राज्य सरकार द्वारा प्रदान किए जाएंगे। किसान को समर्थन मूल्य बराबर ही राशि प्राप्त होगी। यदि किसान की उपज का विक्रय मूल्य एमएसपी से कम है परंतु राज्य के औसत मॉडल प्राइज के समतुल्य है, ऐसी स्थिति में भी किसान को एमएसपी और बिक्री मूल्य के भावांतर की राशि प्रदान की जाएगी। तीसरी स्थिति में कृषि उपज का विक्रय मूल्य राज्य के औसम मॉडल प्राइस से कम होने की दिशा में किसान को एमएसपी और घोषित औसत मॉडल प्राइस के भावांतर की राशि प्रदान की जाएगी। प्रत्येक स्थिति में किसान भाई का लाभ सुनिश्चित किया जाएगा।

कलेक्टर संदीप जी आर ने कहा कि भावांतर योजना के लिए सभी आवश्यक व्यवस्था की जाएं। संबंधित अधिकारी किसानों का हित निश्चित करें। भावांतर योजना के क्रियान्वयन को प्राथमिकता दें।

जिला स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए। किसानों को सही दाम मिले, इसकी मॉनिटरिंग हो। भावांतर योजना किसानों के हित में है, इसका प्रचार-प्रसार किया जाये। पात्र किसान समय पर पंजीयन करवा लें जिससे पात्र किसान लाभ से वंचित न रहें।



### शहर कांग्रेस सेवादल परिवार का मासिक ध्वज वंदन तीनबत्ती दुर्गा पंडाल में हुआ संपन्न

**सागर।** शहर सेवादल परिवार पिछले कई वर्षों से शहर के अलग अलग स्थानों पर माह के अंतिम रविवार को ध्वजारोहण कार्यक्रम करता आ रहा है। सितंबर माह के इस अंतिम रविवार को कांग्रेस सेवादल परिवार ने गौर मूर्ति के नजदीक, तीनबत्ती पर एकता काली कमेटी के दुर्गा पंडाल की छत्रछाया में संपन्न हुआ। संयोगवश मातृशक्ति का पर्व नवरात्रि, बेटी दिवस और अन्तिम रविवार एक साथ होने पर मुख्य अतिथि शिवांगी चौबे द्वारा ध्वजारोहण किया गया। मुख्य अतिथि शिवांगी द्वारा सर्वप्रथम सभी देशवासियों को शारदीय नवरात्रि की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह मेरे लिये बहुत ही गौरवान्वित करने वाला पल है कि नवरात्रि के इतने पावन और पवित्र पर्व पर राष्ट्रीय ध्वज फहराने का सम्मान मुझे मिला। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से उपस्थित महिला कांग्रेस प्रदेश सचिव किरणलता सोनी ने भाई बहन के पवित्र प्रेम पर मंत्री कैलाश विजयवर्गीय द्वारा दिये शर्मनाक बयान की अपने उद्बोधन में निंदा की। शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे ने बताया कि बेटी दिवस पर यह कार्यक्रम संयोग से आयोजित होना बड़े सौभाग्य कि बात है। लगभग 6वर्षों में इस शहर में मासिक ध्वजारोहण का यह 74 वां आयोजन है। कार्यक्रम का आयोजन शहर सेवादल अध्यक्ष सिंटू कटारे और संचालन द्वारका चौधरी द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में पूर्व सांसद नंदलाल चौधरी, गांधीवादी नेता और वरिष्ठ कांग्रेसी सुखदेव तिवारी की धर्मपत्नी विधावती तिवारी, शिक्षाविद् जेपी पांडे, वरिष्ठ कांग्रेसी इम्तियाज हुसेन के स्वर्गवास पर दुःख व्यक्त करते हुए इन सबकी आत्मा शांति हेतु मौन रखकर ईश्वर से प्रार्थना की। कार्यक्रम में मुख्य रूप से पप्पू गुप्ता, जितेन्द्र रोहण, हरिश्चंद्र सोनवार, प्रेम नारायण विश्वकर्मा, शरद पुरोहित, दीनदयाल तिवारी, लीलाधर सूर्यवंशी, भैयन पटेल, नितिन पचौरी, हेमराज रजक, कल्लू पटेल, प्रवीण यादव, राहुल खटीक, पकंज सोनी, लल्ला यादव, रवि जैन, पप्पू सैनी, जुगल यादव, बांबू मछंदर, हरिनारायण कोरी, देवेन्द्र वाल्मीकि, कपिल चंदेलिया, छोटू वाल्मिकि, हरिओम चौबे, पियूष सेन, सुहानी फहीम अंसारी पप्पू सेन चौरसिया, मीना ठाकुर के साथ एकता काली कमेटी दुर्गा मां के पुजारी पं.पवन चौबे, पं.अनुज कृष्ण शास्त्री आदि जन उपस्थित रहे।

### प्रो दिवाकर सिंह, प्रो राजेंद्र सिंह, रज्जू भैया विवि प्रयागराज में विषय विशेषज्ञ मनोनीत

**सागर।** डॉ हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर मध्यप्रदेश में मानविकी एवं समाज विज्ञान संकाय के अधिष्ठाता प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत को प्रो राजेन्द्र सिंह रज्जू भैया विश्वविद्यालय प्रयागराज उत्तरप्रदेश में विषय विशेषज्ञ मनोनीत किया गया है। प्रो राजपूत को समाजशास्त्र विषय की बोर्ड ऑफ स्टडीज के सदस्य के रूप में आगामी दो शैक्षणिक सत्र के लिए विषय विशेषज्ञ नियुक्त किया गया है। प्रोफेसर राजपूत वर्तमान में उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखण्ड, छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश की विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों में विभिन्न समितियों के सदस्य हैं। प्रोफेसर दिवाकर सिंह राजपूत इस तरह की उपलब्धियों को कुछ नया सीखने और कुछ अच्छा करने के लिए एक सार्थक आधार मानते हैं। प्रोफेसर राजपूत के अनुसार प्रत्येक दायित्व एक नया अवसर लेकर आता है।



### विधायक, महापौर ने मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के हितग्राहियों को बांटे 1 करोड़ 40 लाख रुपए के चेक

**सागर।** मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के अंतर्गत विधायक शैलेन्द्र जैन, महापौर संगीता तिवारी, निगमाध्यक्ष वृन्दावन अहिरवार, निगमायुक्त ने नगर निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को 1 करोड 40 लाख रूपये की राशि के चेक वितरित किये। इस अवसर पर विधायक शैलेन्द्र जैन ने कहा कि मुख्यमंत्री कन्यादान योजना म.प्र.सरकार की सबसे लोकप्रिय योजना है जिसने बेटियों को स्वावलम्बी बनाने की दिषा में महत्वपूर्ण कार्य किया है। इस योजना से गरीब परिवारों की बेटियों के धूमधाम से विवाह किये जा रहे है। साथ ही उनको 50 हजार रूपये की राशि देकर उन्हें आत्मनिर्भर भी बनाया जा रहा है। यह चैक इस बात की गारंटी है कि बेटिया परिवार पर अब बोझ नहीं है, सरकार द्वारा लाडली बहना योजना के तहत प्रतिमाह रू. 1250 की राशि प्रदान की जा रही है, इस बार यह राशि 1500 हो जायेगी।

# राष्ट्र और धर्म की रक्षा करना युवाओं का कर्तव्य है: युवा नेता अविराज सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

भगवान श्रीकृष्ण ने युवाओं को संदेश दिया कि राष्ट्र और धर्म की रक्षा करना ही हमारा कर्तव्य है। यह उद्गार भाजपा युवा नेता अविराज सिंह ने कर्रापुर स्थित श्री सिद्ध क्षेत्र पेलेपार देवीघाट मंदिर परिसर में श्रीमद् भागवत कथा स्थल पर व्यक्त किये। श्रीमद् भागवत गीता और कथा में व्यासपीठ पर विराजमान संत विपिन बिहारी जी को प्रणाम करते हुए अविराज सिंह ने भगवान श्री कृष्ण, सुदामा, अर्जुन, कर्ण एवं पूतना के वृतांत सुनाये। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संदेश दिया है, कि जीवन में कोई भी परिस्थिति हो, हमें हमेशा मुस्कराते रहना चाहिये। भगवान श्रीकृष्ण जब कालिया नाग से युद्ध कर रहे थे, तब युद्ध करते-करते कालिया नाग के सिर पर चढ़ गये और नृत्य करने लगे।अविराज सिंह ने कहा कि भगवान श्री कृष्ण एक आदर्श गुरू हैं। वेद-पुराण में वर्णित है, कि एक आदर्श गुरू वही होता है जो अपने शिष्य की अच्छाई के साथ कमियां भी बताता है और उसका अहंकार भी दूर करता है। महाभारत में अर्जुन और कर्ण के बीच युद्ध चल रहा था, तब भगवान श्रीकृष्ण ने कहा था, "हे! कौंतेय जिस रथ पर तुम विराजमान हो, उस रथ के ऊपर पवनसुत हनुमान तुम्हारी रक्षा कर रहे हैं। तीनों लोकों का स्वामी तुम्हारा सारथी है। उसके बाद भी कर्ण के तीर ने हमारे रथ को दो कदम पीछे कर दिया।




# बाड़ी जनपद की 106 ग्राम पंचायत में से सिर्फ 82 पंचायत सचिव

**सचिवों, रोजगार सहायकों पर अतिरिक्त काम का बोझ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

बाड़ी जनपद जिसके अन्तर्गत बाड़ी, बरेली और सुल्तानपुर तहसीलों की 106 ग्राम पंचायत आती है। जनपद में 2 नगरीय निकाय और लगभग साढे तीन लाखे से अधिक ग्रामीण आबादी आती है। 106 ग्रापं. मे मात्र 82 ग्राम पंचायत सचिव है। लगभग 2 दर्जन सचिवों के पास एक से अधिक ग्रापं. की जिम्मेदारी बनी हुई है।

विभिन्न कार्यो की प्रमुख धुरी रोजगार सहायक भी 106 ग्रापं. में सिर्फ 92 है। अनेक ग्रापं. का संपूर्ण कार्य रोजगार सहायकों के ही भरोसे बना रहने से सरकार की विभिन्न योजनाओं के साथ निर्माण, विकास कार्य प्रभावित होते नजर आ रहे है। बाड़ी के अलावा बरेली को जनपद बनायें जाने की मांग जोर पड रही है।

केन्द्र सरकार हो या प्रदेश की सरकार निचले स्तर पर सरकार की विभिन्न योजनाओं, निचले स्तर पर सरकार की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों, निर्माण विकास कार्यो की ग्रामीण धुरी ग्रापं. है। ग्रापं. के माध्यम से ग्रामीणों के अधिकांश कार्य होते है। जब ग्रापं. में पूर्णकालिक सचिव न हो या रोजगार सहायक के पद रिक्त हो तो ऐसी ग्रापं. की स्थिति क्या होगी समझा जा सकता है।




**बरेली को जनपद बनानें की मांग -**

बाड़ी जनपद क्षेत्र बहुत बडा और फैला हुआ कि जनपद मुख्यालय बाड़ी से अधिकारियों एवं ग्रापं. से ग्रामीणों का जनपद पहुंचने में पूरा दिन बर्बाद होता है। इसी लिए लम्बे समय से प्रशासनिक एवं तेज विकास योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए बाड़ी अलग और बरेली को जनपद विकासखण्ड मुख्यालय बनाने की मांग बनी हुई है।

### जिले की सबसे बड़ी जनपद

जनपद, विकासखंड मुख्यालय बाड़ी में है। एक-डेढ दशक पूर्व तक बाड़ी तहसील क्षेत्र, बरेली तहसील में आता था। साढे बारह गांव क्षेत्र तहसील सुल्तानपुर में आता है। जो पूरी तरह जंगली और पहाडी क्षेत्र है। सुल्तानपुर के निकट ईटखेडी, सांतरा, भरतीपुर जिनकी दूरी बाड़ी से 60-70 कि.मी. है। इसी प्रकार बरेली तहसील की ग्रापं. जामगढ़, भगदेई, रजवाडा, खरगोन की दूरी बाड़ी से लगभग 50-60 कि.मी. है।

# संस्कारवान पीढ़ी ही राष्ट्र की वास्तविक संपत्ति होती है: राज्य मंत्री पटेल

**सेवा भारती के भवन पूजन अवसर पर कन्या पूजन व भोज का आयोजन**

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

उदयपुरा नाके के पास मधुवन रेजिडेंसी में क्षेत्रीय विधायक एवं राज्यमंत्री नरेंद्र पटेल ने सेवा भारती के रायसेन जिले में पहले सेवा सदन भवन का भूमि पूजन किया गया। सेवा भारती के कार्यक्रम के दौरान संस्कार केंद्रों एवं नगर से आईं सैकड़ों कन्याओं का चरण धोकर मंत्री पटेल ने पूजन किया। सैकड़ों कन्याओं का नवरात्रि के दौरान कन्या भोज भी हुआ।

इस अवसर पर मंत्री पटेल ने कहा कि भवन निर्माण में धन की कमी नहीं आने दी जाएगी। संस्कार वान पीढ़ी ही राष्ट्र की वास्तविक संपत्ति होता है। सेवा भारती द्वारा संस्कार केंद्रों के माध्यम से शिक्षा संस्कार देने का सर्वोत्तम कार्य किया जा रहा है। इस अवसर पर मंत्री पटेल ने वैभव श्री महिला स्व सहायता समूह द्वारा निर्मित एलइडी झालर का लोकार्पण किया गया।

### बनेगा सेवा सदन भवन

सेवा भारती के जिला सचिव ने जानकारी देते हुए बताएं कि 1300 वर्ग फीट में सेवा सदन भवन का निर्माण के साथ कई बड़े प्रकल्प शुरू किए जाएंगे। वंचित अभावग्रस्त वर्ग के छात्र-छात्राओं का कोचिंग सेंटर स्वभावलंबी बनकर किशोरी विकास केंद्र डॉक्टर परामर्श एवं प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सीताराम महिला मंडल द्वारा भजनों की संगीतमय मनमोहक प्रस्तुतियां दी गई। संस्कार केंद्रों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर सभी का मनमोह लिया।



### इनकी रही उपस्थिति

सेवा भारती के सेवा संसाधन भवन के भूमि पूजन कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेंद्र वर्मा ने की एवं विशिष्ट अतिथि नगर पंचायत अध्यक्ष हेमंत राजा भैया चौधरी रहे। नगर के गणमान्य नागरिक नगर पंचायत उपाध्यक्ष नेपाल सिंह, हिंदू अध्यक्ष दिनेश बघेली, राधेश्याम पालीवाल, बिट्ठल दास भूतड़ा, शंकर सिंह, डॉक्टर एसपी सिंह, अभिषेक राजपूत, अभिषेक रघुवंशी, राजेश भार्गव, दिनेश राजोरिया, हीरेंद्र मालवीय, राजकुमार ठाकुर, किशन सिंह ठाकुर सहित भारी संख्या में महिलाओं कन्याओं की उपस्थिति रही। सभी का आभार अवधनारायण सक्सेना ने व्यक्त किया।

# बच्चों के साथ में राज्यमंत्री पटेल ने सुनी मन की बात

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा मन की बात का 126 वां एपिसोड में मंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटेल ने उदयपुरा विधानसभा के खरगौन मण्डल के कामतौन बूथ नंबर 97 पर सेवा भारती के संस्कार केन्द्रो के बच्चों एवं बूथ अध्यक्ष के साथ मन की बात सुनी।



मन की बात में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सागर परिक्रमा करने वाली दो अफसरों की चर्चा के साथ छठ पूजा-दिवाली का जिक्र करते हुए संघ की की 100 वीं शताब्दी की बात भी की जो गर्व की बात है।

डबल इंजन की सरकार व्यापार को कैसे सरल बना सके उस दिशा में काम कर रही है। आज एक सप्ताह के अंदर फूड लाइसेंस बन रहे हैं। प्रधानमंत्री जी की दूर दृष्टि सोच के कारण ही संभव हो पा रहा है और मंत्री पटेल ने सामाजिक समरसता पर अधिक जोर दिया।

**काम ऐसा करो नाम रोशन हो अपनी भाषा हिंदी पर गर्व करो : मंत्री पटेल**

# भाषा प्रचार समिति द्वारा छात्र प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ ⏭ बरेली

शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर सभा कक्ष में राष्ट्रभाषा प्रचार समिति द्वारा जिला स्तरीय छात्र प्रतिभा प्रोत्साहन प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्थानों के सरकारी प्राइवेट स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर अपनी प्रतिभा का अकाल और सामूहिक प्रदर्शन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि क्षेत्र के विधायक एवं प्रदेश सरकार के राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने प्रतियोगिताओं में प्रथम द्वितीय तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्रों को पुरस्कार राशि और प्रमाण पत्र प्रदान किया।

राज्य मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल ने नगर के स्कूलों में शिक्षा प्राप्त करने के समय की घटनाओं कार्यक्रमों में भाग लेने का स्मरण करते हुए कहा कि गीता का अध्ययन जरूरी है। पढ़ाई वाले छात्र जीवन से ऐसा कार्य करें जिससे नाम रोशन हो मंत्री पटेल ने गुलामी के दौर का उल्लेख करते हुए कहा कि हम ज्ञान विज्ञान अध्यात्म ज्योतिष ग्रहण नक्षत्र का बड़ा ज्ञान रखते थे परंतु जिन्होंने हमारी फुट का लाभ उठाकर राजनीतिक दृष्टि से गुलाम बनाया उन्होंने एवं सम्मान भाषा इत्यादि पर चोट की अब हमें इसका ज्ञान हो रहा है।




### हिंदी भाषा पर गर्व करो

मंत्री पटेल ने कहा कि हमें किसी और भाषा सीखने बोलने से परहेज नहीं है परंतु हमें हमारी मातृभाषा राष्ट्रभाषा से प्रेम और गर्व होना चाहिए भाषा से ही देश और राष्ट्र उन्नति करता है। कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार सुरेश बिदुआ, राष्ट्रभाषा प्रचार समिति के जिला संयोजक केशव दुबे, जिला अध्यक्ष अवनीश पालीवाल के साथ नगर के गणमान्य नागरिकों विद्यालयों के छात्र-छात्राओं शिक्षक शिक्षिकाओं की उपस्थिति रही। संचालन बृजेश राजोरिया ने एवं कभी प्रेम नारायण साहू एवं उनकी पुत्री कुशाली ने काव्य रचनाओं का पाठ भी किया।

प्रतियोगिता में स्थान कार्यक्रम के दौरान भाषण प्रतियोगिता में प्रथम उन्नति विश्वकर्मा शासकीय कन्या शाला बरेली द्वितीय जानकी धाकड़ डैफोडिल स्कूल बरेली एवं तृतीय भूमिका राजपूत उदयपुर रही। चित्रांकन से शंकणकण विषय में प्रथम ज्योति मेहरा कन्या हायर सेकेंडरी उदयपुर संदीप ने विद्यालय उदयपुर तृतीय नरेंद्र लोधी हायर सेकेंडरी स्कूल खरगोन ने प्राप्त किया।

काव्य पाठ में प्रथम अंशिका मेहरा कन्या हायर सेकेंडरी उदयपुर द्वितीय माही धाकड़ डेफोडिल्स बरेली एवं तृतीय स्थान वंशिका ठाकुर गुरुकुल स्कूल ने प्राप्त किया।

**न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज जिला विदिशा (म.प्र.)**

प्र.क. 35 / अ6अ/2025-26
सिरोंज, दि 22.9.2025

// विज्ञप्ति //

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजा उर्फ रोहित पुत्र कैलाशनारायण शर्मा निवासी हाजीपुर एवं गोलू उर्फ ललित पुत्र शंकरलाल शर्मा के म.प्र. भू. रा. संहिता-1959 यथा संशोधित 2018 की धारा 115 के अंतर्गत कस्बा सिरोंज 1097 रकबा 0.860 हे. सहखातेदार मे राजा उर्फ रोहित पुत्र कैलाशनारायण शर्मा निवासी हाजीपुर एवं गोलू उर्फ ललित पुत्र शंकरलाल शर्मा राजस्व अभिलेख हेतु आवेदन पेश किया गया है। उक्त दुरूस्ती में जिस किसी को कोई आपत्ति हो तो वह इस इश्तेहार जारी होने के दिनांक से प्रकरण में 7 दिवस उपरांत लिखित रूप से न्यायालय में उपस्थित होकर प्रस्तुत कर सकता हैं निर्धारित अवधि पश्चात प्रस्तुत आपत्तियों पर विचार नहीं किया जायेगा। आज दिनांक 22/9/2025 को मेरे हस्ताक्षर व पद मुद्रा से जारी किया गया है।

**अनुविभागीय अधिकारी सिरोंज (म.प्र.)**

## खबर संक्षेप

### नहाते समय डूबे तीन युवक, दो की तलाश जारी

**दीवानगंज।** रविवार को मां नर्मदा घाट बुधनी में दीवानगंज निवासी तीन युवक डूब गए, जिनमें से एक को सकुशल बाहर निकाल लिया है। बताया जा रहा है कि सलकनपुर स्थित माता के दर्शन के लिए ग्रामीण योगेश साहू, नीलेश साहू और तोरण यादव निकले थे, तभी रास्ते में बुधनी के नर्मदा घाट पर स्नान के दौरान गहरे पानी में डूब गए। स्थानीय लोगों की मदद से एक युवक तोरन यादव को सुरक्षित बचा लिया गया, लेकिन योगेश और नीलेश की पुलिस और गोताखोरों द्वारा तलाश की जा रही है।

### गुमठी यूनियन ने प्रभारी मंत्री से लगाई गुहार

**सिलवानी।** बीते कई सालो से शासकीय भूमि पर दुकाने बना कर व्यापार कर परिवार का पालण पोषण कर रहे दुकानदारों को दुकाने हटाने का नोटिस बीते दिनो नप के द्वारा जारी किए जाने से दुकानदारो में हड़कंप मचा हुआ है। हालिया दिनो में क्षेत्र के भ्रमण पर आए रायसेन जिला प्रभारी मंत्री नारायण सिंह पंवार को गुमटी यूनियन के अध्यक्ष सुनील जैन वैधराज ने एक ज्ञापन सौंपा। जिसमे आग्रह किया गया कि गुमटी हटा कर दुकानदारो को बेरोजगार नही किया जावे। गुमटी हटाई गई तो परिवार का पालन पोषण करना खासी परेशानी भरा हो जाएगा।

### कथा में गिरिराज पर्वत पूजा का किया वर्णन

**दीवानगंज।** बालमपुर चौराहे के राम दरबार मंदिर में चल रही श्रीमद् भागवत कथा में कथा व्यास पूजा शर्मा और अंजली शर्मा ने कहा कि श्रीकृष्ण ने गोवर्धन पर्वत उठाकर इंद्र के अहंकार को चकनाचूर कर दिया। इंद्र मेघों का राजा है। पानी बरसाना उनका काम है, इसके लिए उनकी पूजा की जाए यह आवश्यक नहीं। जब वृंदावन वासी अच्छी फसल के लिए इंद्र देवता की पूजा किया करते थे, और धूमधाम से उत्सव मनाया जाता था। इंद्र को अपनी शक्तियों और पद पर घमंड हो गया। जिसे नष्ट करने के लिए श्रीकृष्ण ने एक लीला रची। श्रीकृष्ण ने नगर वासियों को समझाया कि गोवर्धन पर्वत की उपजाऊ धरती के कारण ही वहां पर घास उगती है, जिसको उनके गाये, बैल, व पशु चरते हैं। जिसके बाद उन्हें उनसे दूध मिलता है।

---

**वाह रे... वन महकमे के जिम्मेदार, मिलीभगत से वनकर्मियों के कारनामे हुए उजागर**

**माइनिंग विभाग की खदानों को लेकर मची बंदरबांट**

# रसूखदारों के रिश्तेदारों पर वन विभाग महकमे की मेहरबानी, खदानों तक बना दी गई सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

सामान्य वन मंडल रायसेन के तहत पूर्वी वन रेंज के ग्राम पंचायत कानपोहरा पत्थर फर्सी खदानों के लिए विख्यात हैं। इन पत्थर फर्सी खदानों पर प्रदेश के बड़े भाजपा नेताओं सहित रसूखदारों और मंत्रियों समेत उनके रिश्तेदारों और रायसेन, विदिशा और भोपाल, विदिशा, जैत, सीहोर चहेतों बीजेपी के नेताओं के लिए बेस्ट क्वालिटी की बोल्डर फरसियों की खदानों को माइनिंग विभाग में हथियाने के लिए मानो होड़ सी लगी हुई है।

मालूम हो कि हजारों हेक्टर क्षेत्र में मूरेल कलां, हक्कीमखेड़ी, याकूबपुर और कानपोहरा में भोपाल के बड़े पत्थर ठेकेदार आफताब हुसैन का कब्जा था। उन पर जुर्माने की कार्रवाई और खदान बंद होने से प्रदेश की सत्तारुढ़ भाजपा सरकार के नेता और मंत्रियों और उनके रिश्तेदारों बिरादरी के लोगों, चहेते नेताओं की निगाहें इन खदानों पर लगी हुई है।

इसीलिए कई रसूखदारों के रिश्तेदार भी इन क्षेत्रों में पत्थर बोल्डर फर्सी खदानों को हथियाने में कामयाब हो चुके हैं। इन पत्थर खदानों के ठेकेदारों के लिए आवागमन की सुविधा सुलभ बनाने के लिए वन विभाग सामान्य वन मंडल कार्यालय रायसेन के कुछ अफसरों द्वारा ठेकेदारों पर मेहरबानी दिखाते हुए कानपोहरा वन बीट के डिप्टी साहब ने लाखों करोड़ों रुपए की लागत से कानपोहरा से विदिशा रोड़ से लेकर छोटी मूरेल गांव तक बोल्डर, अलंगों, मुरम, भसुआ की सड़क का निर्माण करवा दिया है। वह भी बीजेपी के बड़े नेताओं और केंद्रीय कृषि मंत्री के इशारे पर।

ग्रामीण राकेश अहिरवार, किशन लाल ने बताया कि वन विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने यह बोल्डर, मिट्टी और मुरम की सड़क उनकी सुविधा के लिए बनाई है, जबकि हमने वन विभाग और जिला पंचायत विभाग में कई दबे आवेदन देकर सड़क निर्माण की मांग की तो कोई सुनवाई नहीं हुई। लेकिन एक केंद्रीय कृषि मंत्री के रिश्तेदारों के लाभ दिलाने के लिए यह लाखों रुपए का बजट खर्च करके सड़क बनाई जा रही है।



### डीएफओ को गुमराह कर रहे एसडीओ

जब सड़क को लेकर ग्रामीणों ने इस मामले की शिकायत डीएफओ रायसेन प्रतिभा शुक्ला से की तो एसडीओ से लेकर वन बीट के डिप्टी और अन्य कर्मचारी उनको गुमराह करते रहे। करीब डेढ़ महीने का समय बीत जाने के बाद भी डीएफओ के आदेश की अवहेलना करते हुए उनको जांच रिपोर्ट नहीं दी थी, जिससे विभाग की जिम्मेदार महिला अधिकारी भी खासी नाराज हैं।

### अधिकारी के आदेशों की अव्हेलना

ग्रामीणों ने जब महिला अधिकारी से आवेदन देकर बात की तो उन्होंने एसडीओ और डिप्टी रेंजर को मामले की जांच करने के निर्देश दिए तो उन्होंने जिम्मेदार अधिकारियों को भी गुमराह कर दिया। यह मामला करीब डेढ़ महीने पहले का है। मौके की स्थल रिपोर्ट उन्होंने डीएफओ रायसेन को देना मुनासिब नहीं समझा। बल्कि वह बीच-बीच में गुमराह करते नजर आए। आज दिनांक तक स्थल रिपोर्ट उन्होंने डीएफओ रायसेन को नहीं दी है। इस तरह वन विभाग के एक वरिष्ठ अधिकारी को सड़क निर्माण और सही जानकारी देने के मामले पूरी तरह घोर लापरवाही और अफसरों को इसी मामले में बेवजह गुमराह किया जा रहा है। बल्कि अधिकारी के आदेश की अवहेलना लगातार की गई, जो सरासर गलत है।

**इनका कहना है**

इस मामले की हम टीम भिजवाकर दोबारा से जांच करवा कर दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी।

**- प्रतिभा शुक्ला,** डीएफओ रायसेन।

**इनका कहना है**

जंगल की सतत निगरानी की जा रही है। पिछले सप्ताह बारिश के दौरान रास्ता ठीक नहीं होने के कारण निगरानी ठप हुई।

**हीरेन्द्र पांडे,** रेंजर गढ़ी

### *गढ़ी वनरेंज में बेधड़क हो रही सागौन जलाऊ लकड़ी की कटाई, वनकर्मी बने बेखबर*



*सामान्य वन मंडल सर्किल रायसेन के अंतर्गत वन रेंज गढ़ी में सागौन सहित अन्य जलाऊ लकड़ियों के जंगलों में खड़े कीमती पेड़ों का तेजी से सफाया किया जा रहा है। लेकिन विभाग का अमला बारिश का बहाना बनाकर कार्रवाई से बच रहा है। वन रेंजर धीरेंद्र पांडेय ने बताया कि गढ़ी वन रेंज में अब सिर्फ हैदरी, खैरखेड़ी क्षेत्र आते हैं। बाकी गुफा वनबीट और अन्य जंगल अब वन विकास निगम भोपाल के अधीन बताकर कोई सही जानकारी देने से रेंजर श्री पांडे पल्ला झाड़ते नजर आए। जिले के वन रेंज गढ़ी में लंबे अरसे से लकड़ी तस्कर माफिया गिरोह सक्रिय है। अवैध तरीके से बेशकीमती सागौन पेड़ों की कटाई कर लकड़ी तस्कर गिरोह बड़े ही आसानी से दूसरे व तीसरे दिन परिवहन कर पड़ोसी जिले विदिशा, रायसेन भेज रहे हैं। हर रोज आधा दर्जन से अधिक पेड़ों पर कुल्हाड़ी और आरी की धार चल रही है। बताया जा रहा है कि सागौन पेड़ों की कटाई कर पड़ोसी जिलों व राज्यों में व्यापारियों को बेचा जा रहा है। इससे पूरा जंगल तहस-नहस हो रहा है। अहमदपुर विदिशा रोड़ पर खैरखेड़ी गुफा हैदरी और अन्य जंगलों में सागौन पेड़ों का सफाया हो रहा है।*

---

## शर्मा की पुण्यतिथि हरियाली उत्सव रूप में मनाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष स्व. भगवती प्रसाद शर्मा की पुण्यतिथि इस बार केवल स्मरण का अवसर नहीं रही। उनकी नीति-निष्ठा और समाजसेवा से प्रेरित होकर रायसेन जिला विकास समिति ने इसे हरियाली के उत्सव के रूप में मनाया। रविवार को सुबह समिति के तत्वावधान में पौधरोपण और ट्री गार्ड लोकार्पण किया गया।

सड़क किनारे इस वर्षाकाल में समिति ने 356 बड़े कदंब के ना बल्कि पौधे लगाए और अब उनकी सुरक्षा के लिए अब तक 150 ट्री गार्ड स्थापित किए हैं। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि जमना सेन,



वरिष्ठ भाजपा नेता धीरेंद्र सिंह कुशवाह, बृजेश चतुर्वेदी, समाजसेवी डॉ. एसी अग्रवाल, शैलेंद्र शर्मा और उनके युवा पुत्र अंशुल शर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर स्व. शर्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर जमना सेन ने कहा पूर्वजों की स्मृतियों को जड़ों से जोड़ने से आने वाली पीढ़ियों को शीतल छांव मिलती है। समिति द्वारा लगाए गए कदंब पौधों की देखरेख अब परिषद की जिम्मेदारी है। वहीं धीरेंद्र कुशवाह ने कहा प्राचीन काल में लोग पुण्य कार्य के लिए सड़क किनारे पौधे लगाते और पानी के लिए कुआं बावड़ियां बनवाते थे। उसी परंपरा को आगे बढ़ाते हुए इस समिति ने सड़क किनारे कदंब पौधे लगवा रही हैं, वास्तव में ये बड़ा पुण्य का कार्य है।

वरिष्ठ नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. एसी अग्रवाल ने कहा संगठन और सामूहिक शक्ति से बड़े काम भी आसानी से पूरे हो जाते हैं, कदम-कदम पर रायसेन शहर में यह देखा जा सकता है। बीजेपी नेता बृजेश चतुर्वेदी ने कहा कदंब पेड़ सिर्फ हरियाली नहीं, बल्कि संस्कृति की जीवंत स्मृति है। शैलेंद्र शर्मा ने गणमान्य नागरिकों और समिति के प्रति आभार व्यक्त किया।

## सलामतपुर स्कूल के विद्यार्थियों का भोपाल में शैक्षणिक भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सलामतपुर के आईटी एवं ब्यूटी वैलनेस विषय के 140 विद्यार्थियों ने भोपाल स्थित पीएमश्री प्रायोगिक बहुउद्देश्यीय विद्यालय का शैक्षणिक भ्रमण किया।

इस दौरान छात्रों को आईटी एवं ब्यूटी वैलनेस क्षेत्र में उपलब्ध विभिन्न करियर अवसरों की जानकारी दी। विशेषज्ञों ने विद्यार्थियों को बताया कि इस विषय के अध्ययन से वे न केवल आत्मनिर्भर बन सकते हैं, बल्कि



आईटी, सौंदर्य एवं वेलनेस इंडस्ट्री में उज्ज्वल भविष्य भी बना सकते हैं। छात्र-छात्राओं ने संस्थान में उपलब्ध आधुनिक तकनीकों की लेबोरेट्री और प्रशिक्षण की सुविधाओं को देखा और अनुभव किया।

---

## कथा मनुष्य की आत्मा को जागृत करने वाली दिव्य यात्रा होती है : पं. भूपेंद्र शास्त्री

भक्ति, ज्ञान व भावनाओं से ओतप्रोत भागवत कथा समापन पर उमड़े



हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर के वार्ड क्रमांक 4 में आयोजित सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा का रविवार को विधिवत समापन हुआ। कथा के अंतिम दिन में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या ने भाग लेकर कथा का पुण्य लाभ लिया। वातावरण में भक्ति की गूंज और श्रद्धा की सरिता प्रवाहित होती रही। कथा आयोजन कर्ता परिवार द्वारा पूरे सप्ताह धार्मिक और सामाजिक समरसता का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत किया।

कथा वाचक पं. शास्त्री ने श्रीमद् भागवत महापुराण के विभिन्न प्रसंगों को प्रस्तुत कर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने कथा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केवल एक धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि आत्मा को जागृत करने वाली यात्रा है। उन्होंने श्रीकृष्ण के 16108 विवाह का रहस्य बताया कि भगवान श्रीकृष्ण ने नरकासुर के बंदीगृह से मुक्त की गई कन्याओं सहित कुल 16108 विवाह किए, जो प्रतीक हैं ईश्वर की करुणा और समर्पण के।

## 60 साल पुराना पेड़ धराशायी, तीन मकान क्षतिग्रस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर/दीवानगंज

ग्राम नरखेड़ा में शनिवार की रात करीब 10:30 बजे गांव के बीच स्थित 60 साल पुराना विशालकाय बहेड़ा का पेड़ तेज हवा चलने से अचानक नीचे से टूटकर तीन घरों पर जा गिरा। अचानक गिरे पेड़ से जोरदार धमाका हुआ, जिससे घरों में बैठे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। आवाज सुनते ही पास ही झांकी में मौजूद लोग दौड़कर पहुंचे और घरों में फंसे परिवारों को सुरक्षित बाहर निकाला। इस हादसे में ग्रामीण रवि लोधी और अर्जुन लोधी के पैर व हाथ में चोट आई, वहीं एक भैंस भी घायल हो गई।

गनीमत रही कि कोई गंभीर हादसा नहीं हुआ, लेकिन तीनों घरों को काफी नुकसान पहुंचा है। प्रभावित घर मालिकों के नाम खुमान सिंह लोधी, विजय लोधी और रवि लोधी बताए गए हैं। ग्रामीणों ने बताया कि घटना की सूचना तुरंत प्रशासन और वन विभाग को दी गई, लेकिन अब तक कोई भी मौके पर स्थिति का जायजा लेने नहीं पहुंचा। इससे लोगों में नाराजगी देखी जा रही है।



---

## हिंदू उत्सव समिति के तत्वाधान में यादगार मनेगा दशहरा पर्व

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर में विजयादशमी का पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। इस वर्ष का दशहरा पर्व कुछ खास और यादगार होने वाला है। इसको लेकर व्यापक तैयारियां आरंभ हो चुकी है। आयोजन समिति के सदस्य उसे भव्य एवं रोमांचक बनाने में पूरी तन्मयता से जुटे है।

आयोजन समिति श्री हिन्दू उत्सव समिति बाड़ी के सदस्यों के अनुसार हर साल की भांति इस वर्ष भी विजयादशमी का पर्व पारंपरिक हर्षोल्लास से मनाया जाएगा। आयोजन की तैयारियां आरंभ हो चुकी है । इस वर्ष का दशहरा उत्त्तव बीते वर्षों की तुलना में कई मामलों में भव्य एवं आकर्षक होगा। रावण दहन का कार्यक्रम अपने आप में अनूठा होगा। इन पुतलों को मूर्तरूप देने के लिए भोपाल के मंजे हुए



कारीगर दिन-रात जुटे है। इसके अतिरिक्त आयोजन स्थल पर लगभग एक घंटे तक रंगबिरंगी आतीशबाजी होगी। आयोजन स्थल रंगीन रोशनी से जगमगा उठेगा, जो जनमानस को श्रीराम के अयोध्या आगमन की कल्पना से भर देगी।

समिति सदस्यों ने बताया कि हर बार की तरह झांकियों को भी पुरस्कृत किया जाएगा एवं भक्ति गीतों का प्रसारण किया जाएगा। इस वर्ष के दशहरा पर्व को लेकर आमजन में भी काफी उत्साह है।

**शारदीय नवरात्र का 7वां दिन मां कात्यायनी की भक्ति को श्रद्धालुओं ने किया समर्पित**

# शक्ति की आराधना में डूबे भक्त, मंदिरों में उमड़ा श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

नगर सहित अंचल में शारदीय नवरात्र का पर्व पूरे श्रद्धा, भक्ति, उमंग और उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। नवरात्र के सातवें दिन श्रद्धालुओं ने माँ कात्यायनी देवी की पूजा-अर्चना कर शक्ति की आराधना में भाग लिया। अलसुबह से ही मंदिरों में भक्तों की भीड़ जुटने लगी, जो देर रात तक जारी रही।

देवी मंदिरों में माँ के नौ रूपों की आराधना का क्रम उत्साह पूर्वक जारी है। मातारानी को जल अर्पण करने के साथ-साथ पूजा, भजन, आरती और कीर्तन की मनोहारी प्रस्तुतियों से पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय हो गया है। घंटियों की मधुर ध्वनि और जयकारों की गूंज से शहर की गलियाँ धार्मिक भावना से सराबोर नजर आईं।

रात होते ही पंडालों में सजी देवी प्रतिमाओं के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ पड़ता है। माता के जयकारों से गूंजती गलियाँ, रोशनी से जगमगाते मंदिर और



सजावट से सुसज्जित पंडाल, यह सब मिलकर भक्ति और आनंद का अद्भुत संगम प्रस्तुत कर रहे हैं। सड़कें देर रात तक भक्तों से गुलजार दिखाई दे रही हैं। महिलाएं, युवा, बच्चे और बुजुर्ग सभी माता के दर्शनों के लिए उत्साहित हैं।

### *मां विजयासन मंदिर बना आस्था का केंद्र*

*नगर में स्थित प्राचीन माँ विजयासन मंदिर में इन दिनों विशेष भक्ति का माहौल देखने को मिल रहा है। मंदिर को आकर्षक विद्युत सज्जा और पुष्पों से सजाया गया है। यहाँ प्रतिदिन सैकड़ों श्रद्धालु पूजा.अर्चना करने पहुंच रहे हैं। भक्तों का मानना है कि माँ विजयासन सच्चे मन से की गई प्रार्थना को जरूर सुनती हैं और भक्तों की मनोकामनाएं पूर्ण करती हैं।*

### *17 स्थानों पर विराजी मां दुर्गा*

*नगर में लगभग 17 स्थानों पर विभिन्न रूपों में देवी प्रतिमाएं विराजित की गई हैं। हर पंडाल में देवी की आराधना, पूजन, भजन और सामूहिक आरती का आयोजन नियमित रूप से किया जा रहा है। काली चौक पर स्थापित माँ काली की मूर्ति विशेष आकर्षण का केंद्र बनी हुई है। यहां मां काली को दानवों का संहार करते हुए दर्शाया है। श्रद्धालुओं ने बताया कि पिछले 54 वर्षों से यहां मां काली की प्रतिमा स्थापित की जाती रही है जो नगर की पुरानी परंपरा है।*

## नगर में सजे मां दुर्गा के पंडाल

**बाड़ी।** बाड़ी कलां में सात स्थानों पर मां दुर्गे की स्थापना और पंडाल सजाए एवं बाड़ी खुर्द में 15 स्थानों पर मां दुर्गे की स्थापना की गई है। आयोजन समिति एवं देखरेख समिति व्यवस्था समिति का गठन कर दिया गया है। कलाकार पंडाल में सजावट कर रहे हैं दिन-रात एक कर समिति के कलाकार अपनी कलाकारी दिखा रहे।

नवरात्रि में बाड़ी कलां में गांधी चौक, यादव मोहल्ला, दुर्गा चौक, हनुमान मंदिर कहार मोहल्ला, पटेल बाबा, खिडकामोहल्ला, भुजी का मंदिर, पुराना बाजार, पाल मोहल्ला, मंगलवार बाजार, थाना हनुमान मंदिर, वनविभाग, हिंगलाज कॉलोनी, नया बस स्टैंड दुर्गा चौक, स्वराज शोरूम तहसील के सामने दुर्गा उत्सव समिति, शिव मंदिर कॉलोनी,



वजीरगंज, सटरडेम, ग्राम सिरवरा स्थान पर मां दुर्गे की मनमोहन पंडाल लगाए गए हैं। तहसील कार्यालय के सामने स्वराज शोरूम पर के पास मां दुर्गे का आकर्षक पंडाल सजाया है।

सभी दुर्गा सेवा समिति ने मनमोहक पंडाल सजाए जो आकर्षण का केंद्र बिंदु बने हुए हैं। इस बार विशेष तौर से दुर्गा सेवा समितियां ने हस्तकला का बेहतर ढंग से कलाकारों द्वारा चित्रण किया है।